दिनांकः 09.12.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- 'प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह' कल–प्रवासियों का जयपुर पहुंचने का सिलसिला जारी।
- राज्य सरकार ने नौनेरा वृहद पेयजल परियोजना और परवन–अकावद पेयजल परियोजना को मंजूरी दी।
- गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में वंदे मातरम् पर विशेष चर्चा में इसे देशभक्ति, बलिदान और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बताया।
- केन्द्र सरकार ने खाद की कालाबाज़ारी और जमाखोरी करने वाले डीलर्स को करीब 13 हज़ार नोटिस जारी किये।

000

जयपुर में कल 'प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह' मनाया जायेगा। इस समारोह में भाग लेने के लिए देश–विदेश के सैंकड़ों प्रवासी राजस्थानियों का जयपुर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे जेईसीसी सभागार में शुरू होगा और मुख्य समारोह दोपहर में होगा। समारोह के उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मुख्य उद्बोधन होगा। उद्घाटन समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल होंगे। समारोह में आठ सेक्टर में सेक्टर–स्पेसिफिक कल्चरल सेशन होंगे, इनमें रिन्यूएबल एनर्जी, पर्यटन, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, जल संसाधन और माइनिंग शामिल हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 8 हजार 700 से अधिक प्रवासियों ने अपना पंजीकरण कराया है। इस समारोह को लेकर जयपुर में व्यापक तैयारियां की गयी हैं। शहर को विशेष रूप से सजाया गया है। उद्योग आयुक्त सुरेश ओला ने बताया कि प्रवासियों की यात्रा के अनुभव को यादगार बनाने के लिए विशेष तेयारियां की गयी हैं।

................

इस आयोजन की शुरुआत राजस्थान की विकास यात्रा और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की झलक दिखाने वाली प्रदर्शनी 'प्रगति पथ' के उद्घाटन के साथ होगी। इसके बाद उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का स्वागत उद्बोधन होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश–विदेश की कई हस्तियां शामिल होंगी।

...................

000

राज्य सरकार ने नौनेरा वृहद पेयजल परियोजना और परवन–अकावद पेयजल परियोजना को मंजूरी दे दी है। सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत इनके कार्यादेश जारी कर दिए हैं। इन दोनों परियोजनाओं पर कुल 5 हजार 184 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इन्हें अगस्त 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। परियोजनाओं के पूरा होने से कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां जिलों के लाखों लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। नौनेरा परियोजना के लिए 1 हजार 661 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इससे कोटा और बूंदी जिले के 749 गांव और 6 कस्बों के लगभग 1 लाख 13 हजार परिवारों को पानी मिलेगा। परवन–अकावद परियोजना के लिए 3 हजार 523 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इससे झालावाड़, बारां और कोटा के सांगोद क्षेत्र के कुल 1 हजार 402 गांवों के लगभग 1 लाख 52 हजार परिवारों को लाभ होगा।

000

शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन–2025 के हार्डवेयर एडिशन के प्रतिभागियों से सहयोग और ज्ञान आधारित समाधान पर काम करने का आग्रह किया है। जयपुर की मणिपाल यूनिवर्सिटी में चल रहे हैकेथॉन के दूसरे दिन आज डॉ. मजूमदार ने प्रतिभागियों से

संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष वीडियो संदेश साझा किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में युवा प्रतिभाओं को नवाचार में अपनी क्षमता को आगे बढ़ाने और तकनीक के जरिये राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। हैकेथॉन की वजह से पूरे परिसर में गहन एकाग्रता, टीमवर्क और तकनीकी नवाचार का उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

000

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम देशभक्ति, बलिदान और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बना, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन का मार्ग प्रशस्त किया। आज राज्यसभा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा की शुरुआत करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह अमर कृति भारत माता के प्रति कर्तव्य और समर्पण की भावना जगाती है।

................

चर्चा में भाग लेते हुए, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वंदे मातरम को नारा बनाया था। श्री खड़गे ने कहा कि वंदे मातरम गीत भारत के सार्वजनिक जीवन में तब आया जब गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने 1896 में कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन में इसे पहली बार गाया था।

000

केन्द्र सरकार ने कालाबाजारी, जमाखोरी और गुणवत्ता उल्लंघन पर राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के तहत पिछले सात महीनों में उर्वरक डीलरों को 12 हजार 814 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय रसायनिक और उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने यह जानकारी दी। रसायनों की कमी से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में श्री नड्डा ने कहा कि सरकार पारदर्शी और वास्तविक समय पर आधारित एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली के माध्यम से उर्वरक की आवश्यकता पर निगरानी रख रही है।

000

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक निजी विधेयक पेश कर देश के नाम को 'इंडिया' की जगह केवल 'भारत' रखने की मांग की है। सांसद ने बताया कि यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 1 में संशोधन के लिए लाया गया है, ताकि देश का आधिकारिक नाम केवल 'भारत' हो। उन्होंने कहा कि 'भारत' नाम हमारी प्राचीन परंपराओं और इतिहास से जुड़ा है, जो हमारी एकता और आत्म–पहचान का प्रतीक है।

000

केंद्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि इंडिगो की हाल की संचालन संबंधी विफलताओं से उत्पन्न स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने दोहराया कि सरकार मज़बूत विमानन प्रणाली बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इंडिगो के मौजूदा संकट पर लोकसभा में श्री नायडु ने बताया कि इंडिगो को पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने विमानन कंपनी को नोटिस जारी किया है और उसकी रिपोर्ट के आधार पर कड़ी तथा उचित कार्रवाई की जाएगी। श्री नायडू ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि स्थिति सामान्य होने तक सरकार पूरी तरह सतर्क रहेगी।

000

भीलवाड़ा कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक, इंदर सिंह संचेती, ने भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद के किसानों से यूरिया खाद का अंधाधुंध उपयोग न करने की अपील की है। उन्होंने सलाह दी कि किसान एक बीघा में केवल 10 से 15 किलो यूरिया खाद का ही छिड़काव करें। अधिक यूरिया डालने से फसलों को नुकसान हो सकता है।

................

000

श्रीगंगानगर ज़िले के सादुलशहर कस्बे में एक मकान में गैस सिलेंडर लीक होने के कारण भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में दो महिलाओं सहित कुल पाँच लोग झुलस गए। आग लगने की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय निवासियों की मदद से आग पर काबू

पाया गया। सभी घायलों को सादुलशहर के सरकारी अस्पताल में पहुँचाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है।

000

चित्तौड़गढ़ जिले का किशन करेरी तालाब इन दिनों प्रवासी पक्षियों के कारण पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हर साल की तरह, इस बार भी हजारों किलोमीटर दूर से हज़ारों पक्षी यहाँ पहुंचे हैं। जैसे ही सर्दी शुरू हुई, अक्टूबर से यहाँ बार–हेडेड गूज, नॉर्दर्न शोवलर और सारस जैसी कई प्रजातियों के पक्षी बड़ी संख्या में देखे जा रहे हैं। पक्षियों की ये अठखेलियाँ पर्यटकों में रोमांच भर रही हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह सिलसिला फरवरी से मार्च तक चलेगा, जिसके बाद ये पक्षी अपने देशों को लौट जाएंगे।

.................

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

000